प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे। संकल्प से शिखर तक थीम पर हो रहे राष्ट्रीय खेल 14 फरवरी तक आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्धाएं होंगी। राजस्थान का 531 सदस्यों का दल भी इसमें शामिल हो रहा है। जिनमें 421 खिलाड़ी और 110 अधिकारी शामिल हैं। ये वॉलीबॉल, कबड्डी और शूटिंग सहित 26 खेल स्पर्द्धाओं में भाग लेगें।

............................

सिविल सेवकों को उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों के लिए केंद्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उत्कृष्टता अवार्ड 2024 प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए ऑन–लाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। इच्छुक आवेदक 14 फरवरी तक आवेदन कर सकते है। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त शासन सचिव निकया गोहाएन ने बताया कि ये अवार्ड तीन श्रेणियों में दिये जायेंगे। प्रत्येक श्रेणी में पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी और 20 लाख रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रधानमंत्री उत्कृष्टता अवार्ड योजना का उद्देश्य देशभर में सिविल सेवकों के अनुकरणीय और नवाचारी कार्यों को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और पुरस्कृत करना है।

............................

भारतीय तटरक्षक बल के 49वें स्थापना दिवस समारोह के तहत सरहद से समंदर मोटरसाइकिल अभियान रैली जैसलमेर पंहुची। 22 जनवरी को अटारी बॉर्डर से शुरू हुई यह रैली करीब 2300 किमी की यात्रा करेगी। रैली के माध्यम से केन्द्र सरकार के विभिन्न अभियानों एक पेड़ मां के नाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है।

............................

और अब महाकुम्भ से जुड़ी खबरें–

महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की भारी संख्या में पंहुचने की संभावना के मद्देनजर उत्तरप्रदेश सरकार ने प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी है। इसके लिए मजबूत सात स्तरीय सुरक्षा योजना लागू की गई है। महाकुंभ क्षेत्र को नो–वीआईपी जोन घोषित किया गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर व्यवस्था की गई है। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। इधर प्रदेश से कुंभ जाने वाले यात्रियों के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्थाएं जारी हैं। इसी कड़ी में अजमेर से सीधे प्रयागराज के लिए हर दिन नॉन एसी स्लीपर बस सेवा शुरू की गई है। ये बस अजमेर से रोजाना दोपहर सवा तीन बजे रवाना होकर जयपुर, भरतपुर, आगरा, इटावा और कानपुर होते हुए अगले दिन सुबह सवा आठ बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इधर महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए एक निजी एयरलाइंस ने जयपुर और प्रयागराज के बीच 11 फरवरी से 28 फरवरी तक रोजाना एक नई फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है।

............................

बांसवाडा में आज से माही महोत्सव शुरू हुआ। चार दिन तक चलने वाले माही महोत्सव की शुरूआत शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में सजेधजे ऊंट, घोड़े शामिल हुए। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। इस बीच जयपुर में चल रहा सांभर महोत्सव आज सम्पन्न होगा। पांच दिन तक आयोजित किये गये इस फेस्टिवल में बडी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी शामिल हुए।

............................

प्रदेश के पूर्वी इलाकों में बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं शीतलहर से अतिशीलहर दर्ज की गई। 13 शहरों का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार कल सबसे कम 1 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड किया गया। सीकर में 2,

वनस्थली में 3, करौली में 3 दशमलव 2, नागोर और लूणकरणसर में 3 दशमलव 5, चूरू में 3 दशमलव 9, पिलानी में 4 दशमलव 5, सिरोही, दौसा और भीलवाडा में 5 दशमलव 7 तथा धौलपुर में 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही अगले दो दिनों में कई स्थानों पर तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट के आसार है।

............................

हनुमानगढ़ की श्री खुशाल दास यूनिवर्सिटी में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई है। चार दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों के विद्यालयों के मॉडल शामिल किये गये है। प्रदर्शनी में सौर ऊर्जा आधारित ग्रीन हाउस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी से चलने वाले उपकरण मुख्य आकर्षण बने हुए है। उधर भरतपुर में कला संस्कृति और पुरातत्व विभाग की ओर से ब्रज भाषा बाल रचना शिविर लगाया गया। दो दिन चले इस शिविर के दौरान छात्राओं ने बाल कहानी, कविता तथा गीतों की रचना की।

............................

राष्ट्र, आज लाला लाजपत राय की 160वीं जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी और स्वदेशी आंदोलन के ध्वजवाहक लाला जी का जन्म आज ही के दिन वर्ष 1865 में ब्रिटिश भारत के पंजाब के ढुडीके में हुआ था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि उनका क्रांतिकारी व्यक्तित्व जन–जन को राष्ट्र तथा समाज की उन्नति और सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

............................